दिनांक : 11.06.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नीति आयोग की शासी परिषद की बैठक में विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए केन्द्र और राज्यों के सामूहिक प्रयासों पर बल दिया।
- सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने आकाशवाणी को डिजिटल फर्स्ट और हाईपर लोकल मंच के रूप में विकसित करने का आह्वान किया।
- राजधानी श्री विजयपुरम में सी जी एच एस आरोग्य केन्द्र स्थापित करने के प्रस्ताव पर सांसद ने नई दिल्ली में मुद्दा उठाया।
- खेत बचाओं अभियान के अंतर्गत एस एच जी और एफ पी ओ को सशक्त बनाकर ग्रामीण आजीविका और कृषि उद्यमिता पर सम्मेलन आयोजित किया गया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भले ही दुनिया अनिश्चितता और अस्थिरता के दौर से गुजर रही हो लेकिन भारत, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ विकास पथ पर अग्रसर है। नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में नीति आयोग की 11वीं शासी परिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री मोदी ने कहा कि जैसे–जैसे भारत विकसित भारत के लक्ष्य की ओर अग्रसर हो रहा है, ऐसे में केंद्र और राज्य सरकारों की सामूहिक जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। श्री मोदी ने कहा कि राज्यों के बीच सहयोग, संवाद और विचारों का आदान–प्रदान होना चाहिए। इस वर्ष की बैठक का विषय है, 2047 तक विकसित भारत के लिए समावेशी मानव विकास। बैठक में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री, राज्यपाल और उपराज्यपाल भाग ले रहे हैं।

<><><><><><><>

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज जयपुर में आकाशवाणी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में राजस्थान के रामगढ़ में 20 किलोवाट के एफएम ट्रांसमीटर का उद्घाटन वर्चुअल माध्यम से किया। इस कार्यक्रम में जयपुर की सांसद मंजू शर्मा, प्रसार भारती के अध्यक्ष प्रसून जोशी और आकाशवाणी के महानिदेशक राजीव कुमार जैन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। श्री वैष्णव ने कहा कि राजस्थान में सीमावर्ती क्षेत्रों में संचार और प्रसारण नेटवर्क को मजबूत करने के लिए यह पहल शुरु की गई है। श्री वैष्णव ने कहा कि हम आज के समय के हिसाब से आकाशवाणी को डिजिटल फर्स्ट और हाईपर लोकल इन दो सूत्रों में बांध कर रखें। जो भी डिजिटल प्लेटफॉर्म हमारे आज उपलब्ध हैं उनका उपयोग करें। स्थानीय कल, संस्कृति, खानपान को आगे लाने के लिए बड़ा प्लेटफॉर्म बनाएं। अगले एक हजार दिनों में एक मास्टर प्लान बना कर आकाशवाणी और दूरदर्शन का पूरा ट्रांसफॉर्मेशन करें।

<><><><><><><>

मुख्य सचिव के निर्देश अनुरूप, जिसमें आपदा प्रबंधन की तैयारियों को सुदृढ़ करने और अनुशासन को बढ़ावा देने के लिए सभी विभागों में मासिक आपदा पूर्वाभ्यास आयोजित करने को कहा गया है। इसके अंतर्गत जहाजरानी सेवा निदेशालय ने आज मरीन डॉकयार्ड, श्री विजयपुरम में भूस्खलन परिदृश्य मॉक ड्रिल का आयोजन किया। यह अभ्यास डीएसएस के आपदा प्रबंधन नोडल अधिकारी की देखरेख में आयोजित किया गया। मॉक ड्रिल में मरीन डॉकयार्ड स्थित डॉकयार्ड कैंटीन, मोल्डिंग शॉप, ब्लैक स्मिथ शॉप तथा मरीन डिस्पेंसरी के कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। अभ्यास के दौरान एक घायल व्यक्ति सहित कुल पचपन कर्मचारियों को सुरक्षित स्थान पर सफलतापूर्वक निकाला गया।

<><><><><><><>

फीफा विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट आज से मैक्सिकों सिटी में रंगारंग कार्यक्रम के साथ शुरू हो रहा है। यह टूर्नामेंट 19 जुलाई तक अमरीका, कनाडा और मैक्सिको में आयोजित किया जाएगा। उद्घाटन मैच में आज ग्रुप ए में मेजबान मेक्सिको का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। भारतीय समयानुसार यह मैच रात साढे बारह बजे से शुरू होगा। फीफा विश्व कप का यह अब तक का सबसे बड़ा संस्करण है। इसमें पहली बार 48 टीम भाग ले रही हैं। पहले के संस्करणों में 32 टीम शामिल होती थीं। मेजबान देश अमरीका, कनाडा और मैक्सिको को विश्व कप में सीधे प्रवेश मिला है। यह विश्व कप इतिहास के सबसे चुनौतीपूर्ण विश्व कप

में से एक होने की भी संभावना है, जिसमें टीमों को तीन देशों में कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा, जिनमें लंबी यात्राएं, बदलती जलवायु और बदलते समय क्षेत्र शामिल हैं।

<><><><><><>

द्वीपसमूह के सांसद बिष्णु पद रे ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना आरोग्य केन्द्र मुख्यालय के निदेशक डॉ सतीश से मुलाकात कर राजधानी श्री विजयपुरम में काफी समय से लंबित सी जी एच एस वेलनेस सेंटर की स्थापना और संचालन के प्रस्ताव को आगे बढ़ाने की मांग की। बैठक के दौरान सीजीएचएस निदेशक ने सांसद को बताया कि श्री विजयपुरम में सीजीएचएस वेलनेस सेंटर स्थापित करने संबंधी प्रस्ताव पर मुख्यालय स्तर पर आवश्यक अनुशंसाओं के साथ कार्रवाई पूरी कर ली गई है। इसके बाद सांसद ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के कर्मचारी स्वास्थ्य योजना प्रभाग से भी प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त की। मंत्रालय ने बताया कि उपलब्ध संसाधनों के भीतर अंडमान एवं निकोबार प्रशासन में सीजीएचएस केंद्र स्थापित करने के संबंध में प्रस्ताव पर सक्रिय रूप से विचार किया जा रहा है।

<><><><><><>

राज्य पुस्तकालय, श्री विजयपुरम द्वारा आयोजित समर बुक फेस्ट–2026 का समापन समारोह कल राज्य पुस्तकालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित किया जाएगा। समारोह के दौरान समर बुक फेस्ट–2026 के विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण–पत्र प्रदान किए जाएंगे। समर बुक फेस्ट–2026 के माध्यम से बच्चों एवं युवाओं में पठन–पाठन की रुचि विकसित करने तथा साहित्यिक एवं रचनात्मक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था।

<><><><><><>

देशव्यापी 'खेत बचाओ अभियान' के तहत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद–केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान, श्री विजयपुरम ने आज दक्षिण अंडमान के स्वयं सहायता समूह, किसान उत्पादक संगठनों तथा प्रगतिशील किसानों के लिए संतुलित उर्वरक उपयोग विषय पर सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पिचासी प्रतिभागियों ने भाग लिया। नाबार्ड के सहायक महाप्रबंधक आलोक नाथ पुष्पक ने किसानों को मजबूत एफपीओ गठित करने और संस्थागत ऋण व सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। वहीं, आईसीएआर–सीआईएआरआई के निदेशक डा. जयसुंदर ने सामूहिक उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन को किसानों की आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बताया। उन्होंने वर्जिन नारियल तेल, दालचीनी, केला, कटहल और टूना आधारित उत्पादों की ब्रांडिंग एवं ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से विपणन पर जोर दिया।

<><><><><><>

दूरदर्शन केन्द्र श्री विजयपुरम द्वारा कल शाम साढ़े पांच बजे से हैलो डॉक्टर कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। कार्यक्रम का विषय रहेगा 'तनाव के कारण दांत पीसना'। इस अवसर पर दंत शल्य चिकित्सक और शोध वैज्ञानिक डॉ. दिलप्रीत कौर दर्शकों के प्रश्नों का उत्तर देंगी। दर्शक फोन संख्या दो चार चार सात चार पांच और दो चार पांच छ छ दो पर कॉल कर कार्यक्रम में भाग ले सकते है।

<><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार राज्य ओलंपिक संघ द्वारा आयोजित 10वीं परिचय मेमोरियल राज्य ओपन बैडमिंटन चौंपियनशिप–2026 का आयोजन 23 से 26 जून 2026 तक श्री विजयपुरम में किया जाएगा। प्रतियोगिता के तहत विभिन्न आयु वर्गों तथा सीनियर वर्ग (पुरुष एवं महिला) की स्पर्धाएं शामिल हैं। इन वर्गों में एकल, युगल और मिश्रित युगल मुकाबले खेले जाएंगे, जबकि अंडर–11 और अंडर–13 वर्ग में एकल एवं युगल स्पर्धाएं आयोजित होंगी। बैडमिंटन खिलाड़ियों, शैक्षणिक संस्थानों तथा विभिन्न संगठनों से प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। भाग लेने की अंतिम तिथि बाइस जून है। अधिक जानकारी के लिए 9434–280–768 पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध अंडमान एवं निकोबार ग्रुप 'सी' मेडिकल एम्प्लॉइज एसोसिएशन ने अपने संगठन के पुनर्गठन की घोषणा की है। संघ के महासचिव नारायण मिस्त्री ने इस संबंध में जानकारी दी है।

<><><><><><>